# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें

CRICKET AUSTRALIA

# PLAYHQ
# पर पंजीकरण कैसे करें




इस सहायता मार्गदर्शिका में PlayHQ पंजीकरण प्रक्रिया का पूरा विवरण शामिल है। इस चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका में शामिल है;

- PlayHQ खाता बनाना
- क्रिकेट आईडी बनाना/क्रिकेट आईडी को लिंक करना
- बच्चे/आश्रित का पंजीकरण करना

## ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बातें:

- **'क्रिकेट आईडी', माईक्रिकेट आईडी (MyCricket ID) नहीं है।** जब कोई खिलाड़ी पहली बार PlayHQ के माध्यम से पंजीकरण करता है तो उन्हें अपने PlayHQ खाते को क्रिकेट आईडी से लिंक करना होगा। क्रिकेट आईडी सम्पूर्ण क्रिकेट के लिए किसी व्यक्ति का एकल खाता है। यह वह जगह है जहाँ आप अपनी सभी प्राथमिकताओं का प्रबंधन करते हैं और, एक क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में, यह वह खाता भी है जिसमें आपके करियर के सभी आँकड़े (MyCricket प्लेटफॉर्म सहित) रहेंगे।


जैसे कि हम आपके क्रिकेट आईडी के माध्यम से खेल में आपकी भागीदारी के बारे में अधिक जानकारी पाते हैं, यह हमें आपको और अधिक व्यक्तिगत और प्रासंगिक अनुभव दे पाने में सहायता करेगा।

- अगर बच्चे का पंजीकरण कर रहे हैं, तो कृपया याद रखें कि पहले अपना PlayHQ खाता बनाएँ। बच्चे का पंजीकरण करते समय, कृपया सुनिश्चित करें कि आप अपना क्रिकेट आईडी उनके PlayHQ खाते से जोड़ें।

**निम्नलिखित उदाहरण क्रिकेट ब्लास्ट हॉलिडे प्रोग्राम प्रतिभागी पंजीकरण का है, परन्तु जूनियर और सीनियर क्रिकेट पंजीकरण के लिए निर्देश बहुत हद तक समान हैं।**

# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें

1. PlayCricket वेबसाइट के माध्यम से, अपना क्लब ढूंढें और संबंधित उत्पाद के अंतर्गत ‘Register’ (रजिस्टर') पर क्लिक करें।







Club Cricket Example


PlayCricket वेबसाइट के माध्यम से 'Register' क्लिक करने पर, आपको PlayHQ पर पुनः निर्देशित किया जाएगा।




CRICKET AUSTRALIA

# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें

PlayHQ पृष्ठ पर उत्पाद विवरण की समीक्षा करने के बाद, **'Get started -->'पर क्लिक करें।**





क्लब क्रिकेट उदाहरण




कार्यक्रम पंजीकरण उदाहरण

# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें

2. यदि आपका पहले से PlayHQ खाता है, तो चरण 5 पर जाएं। यदि अभी तक आपका कोई खाता नहीं है, तो 'Create an account' पर क्लिक करें।





भले ही आप एक बच्चे का पंजीकरण कर रहे हैं, तो भी कृपया अपने विवरण के साथ एक PlayHQ खाता बनाएं, जैसा कि निर्देशित किया गया है। फिर आप अपने PlayHQ खाते के अंतर्गत परिवार के सदस्यों, या आश्रितों का पंजीकरण कर सकते हैं।



# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें


3. यदि कोई नया खाता बना रहे हैं, तो आवश्यकतानुसार विवरण भरें और फिर 'Sign up' पर क्लिक करें।



# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें

4. PlayHQ में नए साइन अप करने वालों के लिए, आपके ईमेल पर एक वेरिफिकेशन कोड भेजा जाएगा।आपको वेरिफिकेशन कोड अपने ईमेल इनबॉक्स के माध्यम से लेना होगा और PlayHQ साइट पर कोड की पुष्टि करनी होगी (यदि आपको वेरिफिकेशन कोड नहीं मिला तो कृपया अपना जंक मेल देखें)।

एक बार दर्ज करने के बाद 'Confirm code' दबाएं।


Dear Justin,

Please verify your email address using the code below.


**Your verification code is: 026399**

Please copy the link below and paste it into the address bar of your browser to verify your account.

https://www.uat.playhq.com/signup/verify?registrationCode=dd1ab8

Please do not reply to this email as the inbox is not monitored. Please visit support.playhq.com for further assistance.

Regards,
**PlayHQ Team**







CRICKET AUSTRALIA


# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें

5. अब, अपने ईमेल पते और पासवर्ड का उपयोग करके अपने PlayHQ खाते में लॉग इन करें।




# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें


6. इस चरण में, आपको यह चुनना होगा कि आप किसका पंजीकरण कर रहे हैं।
**विकल्प 1 – Registering myself (खुद का पंजीकरण करना)**
**विकल्प 2 - Registering a new family member or dependant (परिवार के नए सदस्य या आश्रित का पंजीकरण)**




7. उस भूमिका का चयन करें जिसमें प्रतिभागी पंजीकरण कर रहा है। इस मामले में, हम एक बच्चे/आश्रित को 'Player' (खिलाड़ी) के रूप में पंजीकृत कर रहे हैं।यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि कोच और टीम प्रबंधकों को भी प्रत्येक सीजन में PlayHQ के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। लागू होने पर ये भूमिकाएँ पंजीकरण फॉर्म के इस भाग में दिखाई देंगी।





Program Registration




Club Cricket Registration

# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें

8. सभी प्रतिभागी विवरण को पूरा करें





आप सभी प्रतिभागी विवरण पूरा करने पर, 'Save and Continue दबाएं| -->'.



# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें

9. 'Fees' अनुभाग के तहत नियम और शर्तों को स्वीकार करें और 'Continue -->' पर क्लिक करें।




# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें


10. इसके बाद अपनी क्रिकेट आईडी को अपने PlayHQ खाते से लिंक करना है। यदि आपने ऑनलाइन कोई कोचिंग या अंपायरिंग कोर्स किया है , या MyCricket ऐप के माध्यम से भी कोई कोर्स किया है तो आपने एक क्रिकेट आईडी बनाई होगी।

***कृपया ध्यान दें कि 'Cricket ID', 'MyCricket ID' बिल्कुल नहीं है।***

शुरू करने के लिए, 'Link Cricket ID' बटन पर क्लिक करें।




**कृपया ध्यान दें:** अगस्त '22 से पहले पंजीकरण के लिए, इस स्क्रीन का लेआउट थोड़ा अलग दिख सकता है।







CRICKET AUSTRALIA

# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें

फिर आपको क्रिकेट आईडी पेज पर निर्देशित किया जाएगा - यदि आपके पास पहले से क्रिकेट आईडी है, तो अपने ईमेल और पासवर्ड का उपयोग करके लॉग इन करें। यदि नहीं, तो 'Sign Up' दबाएं।
यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि अभी आपकी कोई क्रिकेट आईडी है, तो 'forgot password' लिंक पर क्लिक करें और उस ईमेल पते को डालें जो आपको लगता है कि आपकी क्रिकेट आईडी हो सकती है। यदि सिस्टम इस ईमेल पते को पहचान लेता है तो एक नया पासवर्ड बना लें और उस नए बनाए गए पासवर्ड के साथ अपनी क्रिकेट आईडी में लॉग इन करें।

*- यदि पृष्ठ खाली है, तो किसी अन्य ब्राउज़र (जैसे Microsoft Edge) का उपयोग करके देखें।*







CRICKET AUSTRALIA

# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें


यदि आप 'Sign up' दबाते हैं तो सभी विवरणों को पूरा करें और फिर 'Create Cricket ID' को दबाएं।







CRICKET AUSTRALIA

# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें




11. जिन लोगों ने अभी-अभी क्रिकेट आईडी बनाई है, उनके लिए आपके ईमेल पर एक वेरिफिकेशन कोड भेजा जाएगा। अपने ईमेल इनबॉक्स के माध्यम से वेरिफिकेशन कोड प्राप्त करें और क्रिकेट आईडी पेज पर कोड की पुष्टि करें (यदि आपको वेरिफिकेशन कोड नहीं मिल रहा है तो कृपया अपना जंक ईमेल देखें)।


दर्ज करने के बाद 'Continue' दबाएं।



# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें


12.
फिर आपको PlayHQ साइट पर पुनः निर्देशित जाएगा। जब आप देखें कि आपकी क्रिकेट आईडी 'Linked' है - 'Continue -->' दबाएं।

**कृपया ध्यान दें:** अगस्त '22 के बाद पंजीकरण के लिए, इस स्क्रीन का लेआउट थोड़ा अलग दिख सकता है।



# PLAYHQ पर पंजीकरण कैसे करें

13. अंत में, अपना भुगतान विवरण पूरा करें और 'Confirm purchase' दबाएं।






CRICKET AUSTRALIA